# खाद्यान्न के लिए लगाई गुहार, हितग्राहियों ने सौंपा ज्ञापन

## चंदनवाड़ा खुर्द में राशन वितरण व्यवस्था से आक्रोशित ग्रामीण कलेक्ट्रेट पहुंचे, 55 हितग्राहियों से अंगूठा लगवाने के बाद भी राशन नहीं देने का आरोप

**पलारी नवभारत। ग्राम पंचायत चंदनवाड़ा खुर्द में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत राशन वितरण व्यवस्था को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश अब प्रशासन तक पहुंच गया है। राशन वितरण में कथित लापरवाही और पात्र हितग्राहियों को समय पर खाद्यान्न नहीं मिलने की शिकायत लेकर ग्रामीणों ने सोमवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर कलेक्टर नेहा मीना को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने जय श्री राम महिला स्व-सहायता समूह, मेरहा पिपरिया पर राशन वितरण में अनियमितता और लापरवाही के आरोप लगाते हुए पूरे मामले की जांच कराने की मांग की है।**



ग्रामीणों का आरोप है कि करीब 55 हितग्राहियों से राशन प्राप्ति के लिए अंगूठा लगवा लिया गया, लेकिन उन्हें खाद्यान्न उपलब्ध नहीं कराया गया। इसके अलावा अगस्त माह का राशन भी अब तक हितग्राहियों को वितरित नहीं किए जाने की शिकायत ग्रामीणों ने की है। उनका कहना है कि शासन की ओर से राशन पहुंचने के बावजूद पात्र परिवारों को अपने हिस्से के खाद्यान्न के लिए परेशान होना पड़ रहा है।

अंगूठा लगवाने के बाद भी राशन नहीं मिलने का आरोप

ग्रामीणों ने कलेक्टर को सौंपे ज्ञापन में बताया कि कई हितग्राहियों से राशन वितरण की प्रक्रिया के तहत अंगूठा लगवाया गया, लेकिन इसके बाद भी उन्हें राशन नहीं मिला। ग्रामीणों ने इस स्थिति की जांच की मांग करते हुए कहा कि हितग्राहियों के नाम पर अंगूठा लगने के बाद राशन वितरण का रिकॉर्ड क्या दर्शाता है, इसकी जांच की जानी चाहिए।

ग्रामीणों का कहना है कि यदि राशन वितरण की ऑनलाइन प्रक्रिया में हितग्रियों की उपस्थिति दर्ज हो चुकी है तो वास्तविक रूप से उन्हें खाद्यान्न कब और कितना दिया गया, यह जांच का विषय है। ग्रामीणों ने स्टॉक रजिस्टर, वितरण रजिस्टर और ऑनलाइन वितरण रिकॉर्ड का मिलान कराने की मांग की है।

### त्योहारों के बीच खाद्यान्न की चिंता

आने वाले दिनों में लगातार त्योहार और पर्व होने के कारण ग्रामीण परिवारों की चिंता बढ़ गई है। ग्रामीणों का कहना है कि आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए सार्वजनिक वितरण प्रणाली का राशन बेहद महत्वपूर्ण है। पात्र होने के बावजूद यदि समय पर खाद्यान्न उपलब्ध नहीं होता है तो परिवारों के सामने रोजमर्रा की जरूरतें पूरी करने का संकट खड़ा हो जाता है। ग्रामीणों ने कहा कि त्योहारों के समय परिवारों को अतिरिक्त खर्च का सामना करना पड़ता है। ऐसे में राशन नहीं मिलने से उनकी परेशानी और बढ़ रही है। उन्होंने प्रशासन से तत्काल वितरण सुनिश्चित कराने की मांग की है।

प्रतिनिधि के माध्यम से राशन वितरण का आरोप

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि महिला समूह की ओर से नीलेश सोनी नामक व्यक्ति प्रतिनिधि के रूप में राशन वितरण संबंधी कार्य देखता है। ग्रामीणों के अनुसार, राशन वितरण की तारीख, उपलब्धता और वितरण व्यवस्था के संबंध में हितग्राहियों को समय पर स्पष्ट जानकारी नहीं दी जाती।

ग्रामीणों का आरोप है कि राशन लेने पहुंचने पर कभी राशन कम होने तो कभी अन्य कारणों का हवाला देकर उन्हें वापस कर दिया जाता है। उनका कहना है कि कई बार आधा-अधूरा राशन मिलने की बात कहकर भी हितग्राहियों को गुमराह किया जाता है। इन आरोपों की निष्पक्ष जांच होने पर ही वास्तविक स्थिति सामने आने की बात ग्रामीणों ने कही है।

ग्रामीणों का कहना है कि राशन वितरण में आ रही परेशानियों को लेकर संबंधित विभाग के अधिकारियों से पहले भी कई बार शिकायत की जा चुकी है, लेकिन समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो पाया। ग्रामीणों के अनुसार, लगातार शिकायतों के बावजूद प्रभावी कार्रवाई नहीं होने से राशन वितरण व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ। ग्रामीणों ने कलेक्टर से मांग की है कि पूर्व में की गई शिकायतों और वर्तमान ज्ञापन को गंभीरता से लेते हुए पूरे मामले की जांच कराई जाए। साथ ही यदि जांच में किसी प्रकार की अनियमितता या लापरवाही सामने आती है तो जिम्मेदारों की जवाबदेही तय की जाए।


अगस्त माह का राशन भी अब तक वितरित नहीं होने की शिकायत, त्योहारों के बीच खाद्यान्न संकट की आशंका; जांच कर जिम्मेदारी तय करने और समूह को हटाने की मांग

ग्रामीणों का कहना है कि वर्तमान में शासन की ओर से राशन उपलब्ध कराया जा चुका है, लेकिन इसके बावजूद हितग्राहियों के बीच उसका वितरण नहीं किया गया है। ऐसे में पात्र परिवारों के सामने खाद्यान्न की समस्या खड़ी हो रही है। ग्रामीणों ने प्रशासन से यह भी स्पष्ट कराने की मांग की है कि संबंधित राशन वितरण केंद्र पर वर्तमान में कितना खाद्यान्न उपलब्ध है, कितने हितग्राहियों के नाम पर वितरण दर्ज किया गया है और वास्तव में कितने परिवारों को राशन दिया गया है।

### समूह को हटाकर नई व्यवस्था की मांग

ग्रामीणों ने ज्ञापन के माध्यम से मांग की है कि जय श्री राम महिला स्व-सहायता समूह द्वारा किए जा रहे राशन वितरण की निष्पक्ष जांच कराई जाए। यदि जांच में अनियमितता या लापरवाही प्रमाणित होती है तो नियमानुसार कार्रवाई की जाए। साथ ही राशन वितरण का कार्य किसी अन्य पात्र समूह या व्यक्ति को सौंपने की मांग भी की गई है, ताकि हितग्राहियों को नियमित और समय पर खाद्यान्न मिल सके। अब ग्रामीणों की शिकायत के बाद प्रशासन द्वारा मामले की जांच कराई जाती है या नहीं और जांच में राशन वितरण से जुड़े आरोपों की वास्तविक स्थिति क्या सामने आती है, इस पर ग्रामीणों की नजर है।

# उदय ट्रेडर्स के नाम पर लग रहे पचायतों में फर्जी बिल




**सिवनी नवभारत।** जिले में ग्राम पंचायतों के माध्यम से होने वाले निर्माण कार्यों में सामग्री खरीदी को लेकर एक गंभीर शिकायत सामने आई है। जिला पंचायत सिवनी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को दिए गए एक आवेदन में 'उदय ट्रेडर्स', कामता (कान्हीवाड़ा) को कथित रूप से फर्जी वेंडर बताते हुए उसके नाम से होने वाले भुगतान पर तत्काल रोक लगाने तथा उसका पंजीयन निरस्त करने की मांग की गई है।

प्राप्त आवेदन में 'उदय ट्रेडर्स' के GST नंबर 23AVJPC 9754HvZG का उल्लेख किया गया है। आवेदन में आरोप लगाया गया है कि ग्राम कामता में इस नाम से कोई दुकान संचालित नहीं है और यहां से लोहा, सीमेंट, रेत, गिट्टी सहित अन्य निर्माण सामग्री की बिक्री नहीं की जाती। इसके बावजूद कथित तौर पर कई ग्राम पंचायतों को इस फर्म के नाम से बिल उपलब्ध कराए जाने की बात शिकायत में कही गई है।

उदय ट्रेडर्स नाम के माध्यम से विभिन्न ग्राम पंचायतों में सामग्री के बिल लगाए जा रहे हैं। आवेदन में यह भी आरोप लगाया गया है कि कथित रूप से राजनीतिक दबाव का इस्तेमाल कर पंचायतों को बिल दिए जाते हैं। हालांकि इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि अभी नहीं हुई है। आवेदन में मांग की गई है कि 'उदय ट्रेडर्स' का पंजीयन मनरेगा पोर्टल, ई-ग्राम स्वराज पोर्टल, पंचायत दर्पण पोर्टल सहित अन्य संबंधित पोर्टलों से तत्काल हटाया जाए।

### रजिस्ट्रेशन निरस्त करने की मांग

शिकायत में जिला पंचायत प्रशासन से पूरे मामले की जांच कराकर आरोप सही पाए जाने की स्थिति में 'उदय ट्रेडर्स' का रजिस्ट्रेशन तत्काल निरस्त करने की मांग की गई है। वहीं, यदि शिकायत में लगाए गए आरोप जांच में गलत पाए जाते हैं तो संबंधित फर्म को अपना पक्ष रखने का अवसर भी मिलना आवश्यक होगा। इस शिकायत के सामने आने के बाद अब निगाहें जिला पंचायत प्रशासन पर हैं। सवाल यह है कि संबंधित वेंडर के नाम से किन-किन ग्राम पंचायतों में बिल लगाए गए, कितनी राशि का भुगतान हुआ और वास्तव में निर्माण सामग्री की सप्लाई हुई या नहीं। इन सवालों का जवाब सरकारी रिकॉर्ड की जांच और मौके पर सत्यापन के बाद ही सामने आएगा।

## एक नजर में

### अभिलाष मालवीय बने ओबीसी महासभा के जिला अध्यक्ष



**बरघाट।** पिछड़ा वर्ग की आवाज़ को और बुलंद करने की दिशा में एक नई जिम्मेदारी प्रदान करते हुए बरघाट नगर के नगर परिषद के पार्षद एवं जुझारू युवा अभ्यास गोलू मालवीय को ओबीसी महासभा का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। देश एवं मध्यप्रदेश के सबसे बड़े सामाजिक वर्ग पिछड़ा वर्ग के अधिकारों, सम्मान और उत्थान की आवाज़ को मजबूती प्रदान करने हेतु ओबीसी महासभा द्वारा पार्षद अभिलाष गोलू मालवीय को जिला अध्यक्ष, ओबीसी महासभा सिवनी नियुक्त कर सौरभ लोधी भाऊ कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि हमें पूर्ण विश्वास है कि अभिलाष गोलू मालवीय अपने संघर्ष, समर्पण और सक्रियता से ओबीसी समाज की आवाज़ को और मजबूती प्रदान करेंगे।

### आया सावन झूम के कार्यक्रम आयोजित



**लखनादौन।** महिला संगठन की बहनो द्वारा प्रतिवर्ष होना वाला आयोजन 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस पर मंगल भवन मे आयोजित किया गया कार्यक्रम की शुरूआत राधा-कृष्ण पूजन पश्चात वंदे मातरम गीत के साथ की गयी ।कार्यक्रम मे बहनो ने सम्पूर्ण हरित श्रंगार के साथ भाग लिया ।इस दो दिवसीय कार्यक्रम मे बहनो ने 14 एवं 15 अगस्त को प्रथम दिन संगठन के वार्षिक बजट आगामी कार्यक्रम एवं संगठन की नयी कार्यकारणी के सदस्यों के स्वागत का कार्यक्रम रखा था। जब आंखो से अविरल अश्रु बह चले-- बहनों द्वारा जन-गण-मन और वंदेमातरम गीत का गायन करवाया गया। अपने स्कूल जीवन और विवाह के बाद घरेलू गृहिणी बहनों ने जब इस गीत को गाया उसके बाद वो स्कूली जीवन को याद कर भावुक हो गयी।

# नि :शुल्क कोचिंग संस्थान के विद्यार्थियों का डीआईजी ने बढ़ाया हौंसला





**छपारा नवभारत।** 18 अगस्त को दोपहर नगर के संत रविदास भवन में मंगलवार को सेवानिवृत्त उप महानिरीक्षक पुलिस (डीआईजी) श्रीमती सविता सुहाने एवं उनकी टीम का आगमन हुआ। इस दौरान उन्होंने गरीब एवं जरूरतमंद बच्चों के लिए संचालित निशुल्क कोचिंग संस्थान के विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया तथा शिक्षा के महत्व पर प्रेरक संबोधन दिया।

उल्लेखनीय है कि उषांकर चैरिटेबल एंड एजुकेशनल ट्रस्ट के मार्गदर्शन में बीते दो वर्षों से छपारा में गरीब बच्चों के लिए निशुल्क कोचिंग का संचालन किया जा रहा है। कार्यक्रम में नगर के गणमान्य नागरिकों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए विद्यार्थियों का हौसला बढ़ाया।

इस अवसर पर छपारा थाना में पदस्थ एसआई सुक्खू लाल उईके, बंडोल थाना के प्रधान आरक्षक जयेंद्र सिंह बघेल, अर्जुन सिंह ठाकुर, रमेश सिंह चौहान, प्राचार्य गोविंद प्रसाद उईके, लक्ष्मण अहिरवार अध्ययन रत बच्चों एवं पालकों सहित बड़ी संख्या में नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। बच्चों को स्कूल बेग सहित अध्यन सामाग्री भेंटकर उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई।

# मंडला से नर्मदा जल लेकर केवलारी पहुंची निकली कांवड़ यात्रा



**केवलारी नवभारत।** सावन के पावन महीने में भगवान भोलेनाथ की भक्ति और आस्था से ओतप्रोत केवलारी में भव्य कांवड़ पैदल यात्रा निकाली गई। यात्रा का शुभारंभ केवलारी स्थित मां बड़ी खेरमाई मंदिर से हुआ। बड़ी संख्या में शिवभक्त कांवड़ लेकर मंडला पहुंचे, जहां पवित्र मां नर्मदा के तट से नर्मदा जल कांवड़ में लेकर श्रद्धालु वापस केवलारी के लिए रवाना हुए। विभिन्न मार्गों से होते हुए कांवड़ यात्रा के केवलारी पहुंचने पर श्रद्धालुओं द्वारा मां बड़ी खेरमाई मंदिर में भगवान भोलेनाथ का पवित्र नर्मदा जल से जलाभिषेक किया जाएगा। इसी के साथ कांवड़ यात्रा का विधिवत समापन होगा। इस दौरान श्रद्धालुओं द्वारा भगवान भोलेनाथ की आराधना कर देश, प्रदेश एवं क्षेत्र की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की जाएगी। यात्रा के दौरान मार्ग में सनातन धर्मप्रेमी बंधुओं एवं श्रद्धालुओं ने जगह-जगह कांवड़ यात्रियों का उत्साहपूर्वक स्वागत किया।

# विद्या भूमि शाला में मनाया गया स्वतंत्रता दिवस




**बरघाट नवभारत।** गायत्री शिक्षण समिति द्वारा संचालित श्री विद्या भूमि सिटी प्राइड स्कूल बरघाट में 80वाँ स्वतंत्रता दिवस पूरे उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर गायत्री शिक्षण समिति के अध्यक्ष अनिल सिंह ठाकुर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। संस्था के प्राचार्य संदीप शुक्ला ने जानकारी देते हुए बताया कि श्रीमती दयादेवी महेंद्र कुमार जैन जी द्वारा बोर्ड परीक्षा 2025-26 में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सिल्वर मेडल से पुरस्कृत किया गया साथ ही श्रीमती दयादेवी जैन ने पूर्व में ही यह घोषणा की हैं कि आगामी वर्षों में वह यह सराहनीय पहल को जारी रखेंगी। विद्यालय के छात्र छात्राओं ने अपनी शानदार एवं आकर्षक प्रस्तुति दी जिसमें रामायण पर आधारित एक नृत्य, कक्षा पांचवीं के द्वारा प्रस्तुत चंद्रयान पर आधारित ड्रामा, नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा फैंसी ड्रेस व सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं विविधता में एकता नाटक आकर्षण का केंद्र रहे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अनिल सिंह ठाकुर, संस्था की संचालन समिति के अध्यक्ष टोपेश राहंगडाले ने अपने उद्बोधन में विद्यालय द्वारा आयोजित कार्यक्रमो की सराहना की।

कार्यक्रम के दौरान नगर के वरिष्ठ जन टेकचंद बोपचे, गोविंद मालवी, नरेश अहिरवार के अलावा डायरेक्ट टोपेश राहंगडाले, कपिल अग्रवाल, आलोक जैन, शशांक जैन, राजकिशोर ठाकुर, सौरभ जैन, दीपक सूर्यवंशी, असलम अंसारी एवं अन्य गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

# नवांकुर सखी हरियाली यात्रा ग्राम पंचायत खामी में धूमधाम से संपन्न




**बरघाट नवभारत।** मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद बरघाट अंतर्गत नवांकुर सखी हरियाली यात्रा कार्यक्रम ग्राम पंचायत खामी में आयोजित की गई जिसमें नवांकुर सखी पौधारोपण हरियाली अमावस्या का संदेश यात्रा कर खामी ग्राम के सार्वजनिक शंकर जी के मंदिर तक रेली के माध्यम से किया गया। कार्यक्रम नवांकुर सखियों के द्वारा रामायण मण्डली पूजन कर किया गया। ग्राम की नवांकुर सखियों के द्वारा रामायण मंडली व पौधे लेकर ग्राम के अंदर यात्रा निकली गई यात्रा में पेड़ लगाने का संदेश व नवांकुर सखी कार्यक्रम का उद्देश्य का उदघोष हुआ। यात्रा में पौधे लगाने तथा उन्हें संरक्षित करने के नारे लगाकर संदेश दिया गया । मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद ब्लॉक समन्वयक श्रीमती शोभना ठाकरे द्वारा नवांकुर सखी कार्यक्रम का उद्देश्य वृक्षारोपण का महत्व बताया गया, जिसमें सभी सखी के द्वारा सौंपे गए पौधों को घर आंगन,खेतों में अपने बच्चों,सास ससुर के जन्मदिवस या पुण्यतिथि में पौधरोपण कर हमेशा उसको सुरक्षित रखना है और उसकी देखभाल कर पौधों का संरक्षण करेंगे। नवांकुर संस्था से भारत लाल देशमुख, मेंटर्स मानेश्वर बिसेन द्वारा पेड़ बचाने के लिए प्रोत्साहित किया गया, कार्यक्रम में ग्रामवासी और नवांकुर सखी उपस्थित रहकर कार्यक्रम के सफल आयोजन में विशेष भूमिका रही।

# महुआ लाहन नष्ट कर आरोपियों को पुलिस के हवाले किया

महिलाओं की कार्रवाई से शराब माफियाओं में मचा हड़कंप



**सिवनी नवभारत।** बादलपार। ग्राम पंचायत डूंगरिया की महिलाओं ने 14 अगस्त को तिरंगा यात्रा के दौरान गांव को नशामुक्त बनाने और शराबबंदी का संकल्प लिया था। महिलाओं ने अपने संकल्प को महज घोषणा तक सीमित न रखते हुए सोमवार को गांव में अवैध शराब निर्माण के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो लोगों के घरों से बड़ी मात्रा में महुआ लहान नष्ट कर दिया और दोनों आरोपियों को पुलिस के हवाले कर दिया। बताया गया कि गांव की महिलाओं द्वारा लगातार समझाइश दिए जाने के बावजूद अवैध रूप से शराब बनाने का सिलसिला जारी था। इससे नाराज महिलाओं ने एकजुट होकर गांव के ही सुंदर उइके एवं भूरा उइके के घर पहुंचकर वहां शराब बनाने के लिए रखा महुआ लहान नष्ट किया। इसके बाद महिलाओं ने तत्काल बादलपार पुलिस चौकी को सूचना दी और दोनों आरोपियों को पुलिस के सुपुर्द कर दिया।

सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच के बाद दोनों आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया गया।

महिलाओं की इस पहल की गांव में चर्चा हो रही है। तिरंगा यात्रा के दौरान लिए गए शराबबंदी के संकल्प को महिलाओं द्वारा धरातल पर उतारने से ग्रामीणों में भी नशे के खिलाफ जागरूकता बढ़ने की उम्मीद है। महिलाओं ने स्पष्ट किया कि गांव में अवैध शराब निर्माण और नशे के खिलाफ उनका अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### छपारा में सात दिवसीय आपदा मित्र प्रशिक्षण,द्वितीय सत्र प्रारंभ

**छपारा नवभारत।** भारत सरकार की आपदा मित्र योजना अंतर्गत जिला सिवनी में द्वितीय चरण में उप तहसील छपारा में 60 आपदा मित्रों का चयन कर सात दिवसीय प्रशिक्षण 18 से 24 अगस्त प्रारंभ किया गया। प्रशिक्षण के पहले दिन उपस्थित मित्रों का रजिस्ट्रेशन कर पाठ्य सामग्री और एकरूपता के लिए लाल टी शर्ट प्रदाय की गई। रजिस्ट्रेशन पश्चात कार्यक्रम का सरस्वती पूजन के साथ शुभारम्भ किया गया। आज के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सौरभ मरावी तहसीलदार, रविन्द्र मीणा, सी ई ओ जनपद, श्रीमती गीता वाल्मीकि सीएमओ, राकेश दुबे बीडीओ, सुक्खू लाल उइके उप निरीक्षक, सदम सिंह बरकडे जनपद अध्यक्ष, माइकल जॉन प्राचार्य मिशन स्कूल, धनेन्द्र अंगारे प्लाटून कमांडर, आनंद कौशल एएसआई और अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। प्रशिक्षण में सभी के द्वारा आपदा बचाव के लिए प्रथम रिस्पांडर बनाने बधाई देते हुए दिए जा रहे प्रशिक्षण को गहनता से आत्मसात करने और किसी भी आपदा के समय घायल अथवा प्रभावित को सिखलाए तरीके से राहत देने प्रेरित किया गया ।

# राजीव भवन कांग्रेस कार्यालय में हर्षोल्लास से मनाया गया हरतालिका तीज

## शहर महिला कांग्रेस के तत्वावधान में हुआ समारोह




**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 18 अगस्त, राजीव भवन स्थित कांग्रेस कार्यालय में हर्षोल्लास व धूमधाम के साथ हरतालिका तीज मनाया गया। शहर महिला कांग्रेस के तत्वावधान में आयोजित हरिताली तीज श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया। कार्यक्रम की शुरुआत पूजा-अर्चना के साथ हुई जिसमें कांग्रेस परिवार की मातृशक्ति के अलावा विभिन्न सामाजिक व धार्मिक संगठनों से जुड़ी माताएं एवं बहनें कार्यक्रम में शामिल हुए।**

आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित हुई समस्त माताओं बहनों ने हरियाली तीज से जुड़े विभिन्न सुमधुर धार्मिक व फिल्मी गीतों का गायन किया। कार्यक्रम के अंत में समस्त मातृशक्ति ने एक दूसरे को टीका लगाकर हरियाली तीज की शुभकामनाएं दी साथ ही सभी के उज्जव व खुशहाल जीवन की भगवान शंकर एवं माता गौरी से कामना की। इस अवसर पर उपस्थित समस्त माताओं एवं बहनों को उपहार देकर सदा सुहागिनी रहने की कामना की। शहर महिला कांग्रेस अध्यक्ष दीपा यादव ने कार्यक्रम में सम्मिलित हुई समस्त माताओं व बहनों का आभार व्यक्त किया।

आयोजित कार्यक्रम में कांग्रेस की महासचिव किरण चौधरी, मंजू बैस, सरला सिसोदिया, मीना कोरी, अरूणा तिलंते, मनीषा पाल, रेखा जैन, कहकशा मिर्जा, उर्मिला, सिंग, आशा राय, हंसा अम्बर दाढ़े, याश्मीन शबाना, संतोषी गजभिये, सुनिता बम्हनिया, श्यामा चंदेल, संगीता ठाकुर, अनु अरोड़ा, माया इंगले, आरती शर्मा, यास्मीन कुरैशी, पूर्णिमा वर्मा, माया सूर्यवंशी, पूनम उइके, रामवती परते, वनीता वर्मा, शालू, ज्योति राय, सुनीता मालवी, राधा सैनी, जुबेदा बी, रूकमणी, नजमा, दुर्गा सोमकुंवर, फरीदा बानो, गीता, रूपा यादव, कल्याणी एवं बबीता चौरे सहित अन्य मातृशक्ति बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं।

**परंपरा** | दूर-दूर से पहुंचे सैला नृत्य मंडल, पारंपरिक प्रस्तुतियों ने मोहा ग्रामीणों का मन

# गूंजा सैला नृत्य : डिजिटल युग में भी जीवित है खाखरा की लोक परंपरा



**खाखरा/कुरई नवभारत।** कहा जाता है कि भारत की आत्मा गांवों में बसती है। आधुनिकता और डिजिटल युग के बढ़ते प्रभाव के बीच जहां नई पीढ़ी धीरे-धीरे अपनी पुरानी परंपराओं और लोक संस्कृति से दूर होती जा रही है, वहीं सिवनी जिले के विकासखंड कुरई अंतर्गत ग्राम खाखरा में आज भी वर्षों पुरानी लोक परंपरा को पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ निभाया जा रहा है।

नाग पंचमी के पावन अवसर पर ग्राम खाखरा में भगवान शिव के मंदिर में विधिवत जलाभिषेक एवं पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद पारंपरिक सैला नृत्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आसपास के गांवों के साथ-साथ दूर-दराज क्षेत्रों से पहुंचे सैला नृत्य मंडलों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियां देकर ग्रामीणों का खूब मनोरंजन किया। सैला नृत्य की पारंपरिक वेशभूषा, ढोल-मांदल की थाप और कलाकारों के कदमों की शानदार ताल ने पूरे माहौल को उत्सवमय बना दिया। छिंदवाड़ा जिले सहित चारगांव, चक्की खमरिया, कटंगी बंजारा, खाखरा, चौरई डुंगरिया एवं मेडावानी आदि गांवों से पहुंचे नृत्य मंडलों ने विभिन्न पारंपरिक प्रस्तुतियां दीं। कलाकारों की आकर्षक झलकियों और सामूहिक नृत्य ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया।

कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य तेज सिंह पटेल सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे। खाखरा में नाग पंचमी के अवसर पर आयोजित यह आयोजन इस बात का उदाहरण बना कि आधुनिकता के दौर में भी यदि समाज अपनी संस्कृति और परंपराओं को संजोकर रखे, तो गांव की मिट्टी से जुड़ी विरासत आने वाली पीढ़ियों तक जीवित रह सकती है।

### लोक संस्कृति को सहेजने का संदेश

कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने कहा कि सैला नृत्य केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि क्षेत्र की लोक संस्कृति, परंपरा और सामाजिक एकता की पहचान है। आधुनिक समय में इस तरह के आयोजन नई पीढ़ी को अपनी जड़ों और पारंपरिक विरासत से जोड़ने का महत्वपूर्ण कार्य करते हैं। ग्रामीणों ने संकल्प व्यक्त किया कि वर्षों से चली आ रही इस परंपरा को आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाया जाएगा और भविष्य में भी इसी उत्साह के साथ सैला नृत्य का आयोजन जारी रहेगा।